मनमानी | विद्युत विभाग की मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, घंटों बाद बहाल हुई आपूर्ति

# पूरे गांव की बिजली काट दी, धरने पर बैठे जनप्रतिनिधि



**कोतमा नवभारत 31 मार्च।** ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग की कथित मनमानी और एकतरफा कार्यवाही के खिलाफ जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। मामला तब गरमाया जब विद्युत विभाग ने पूरे पिपरिया गांव की बिजली लाइन काट दी, जिससे आक्रोशित होकर जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और सरपंच ने ग्रामीणों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन किया।

पिपरिया ग्राम पंचायत ग्रामीणों ने विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि विभाग ने बिना किसी पूर्व सूचना के पूरे गांव की मुख्य लाइन काट दी। इससे न केवल घरेलू कामकाज प्रभावित हुए, बल्कि भीषण गर्मी और बच्चों की पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ा। ग्रामीणों का कहना था कि कुछ लोगों के बिल बकाया होने की सजा पूरे गांव को देना न्यायसंगत नहीं है।

## जनप्रतिनिधियों ने संभाला मोर्चा

जैसे ही इसकी जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को लगी, वे तुरंत गांव पहुंचे और ग्रामीणों के समर्थन में उतर आए। जिला पंचायत सदस्य रिंकू रामजी मिश्रा,

जनपद सदस्य रामप्रसाद महरा और सरपंच रामखेलावन ने मौके पर पहुंचकर विद्युत विभाग के अधिकारियों से तीखी बात की। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक गांव की लाइट पुनः नहीं जोड़ी जाती, तब तक वे भी ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे रहेंगे।

## वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप से हुआ समाधान

काफी समय तक धरना जारी रहने और स्थिति को तनावपूर्ण देखते हुए विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया। अधिकारियों के निर्देश के बाद तत्काल गांव की बिजली बहाल की गई।

### अधिकारियों की अपील- समय पर जमा करें बिल

विद्युत विभाग के अधिकारी आशुतोष चंद्रा ने इस कार्यवाही पर स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि पंचायत के अंतर्गत बड़ी राशि का विद्युत बिल बकाया होने के कारण विभाग को यह कदम उठाना पड़ा। उन्होंने सभी ग्रामीणों से विनम्र निवेदन किया है कि सुचारू बिजली व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपना बकाया बिल जल्द से जल्द जमा करें, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं हो।



# दुपट्टे से गला घोंटकर की थी हत्या

**पुलिस ने किया खुलासा आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार**

**अनूपपुर, नवभारत 31 मार्च।** थाना चचाई पुलिस ने अंधी हत्या के एक मामले का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 25 मार्च को ग्राम पंचायत बकही के सरपंच पति द्वारा सूचना दी गई कि महादेवरा मंदिर के पास पहाड़ी के ऊपर जंगल में एक अज्ञात महिला का शव पेड़ से लटका हुआ है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मृत्यु गला घोंटने से होना सामने आया। जांच के दौरान मृतिका के परिजनों से पूछताछ की गई, जिसमें पता चला कि उसका सतेंद्र गुप्ता उर्फ संगम 27 वर्ष निवासी रामपुर से प्रेम संबंध था।

### मृतिका को मिलने के बहाने बुलाया था

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने 9 मार्च को मृतिका को मिलने के बहाने बुलाया और मोटरसाईकिल से सुनसान जंगल में ले जाकर विवाद के बाद दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को पेड़ पर लटकाकर फरार हो गया। जिसके बाद थाना चचाई में मामला दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# प्रवेश उत्सव के लिए दिया अनूठा आमंत्रण

**पीले अक्षत के साथ घर-घर पहुंचे शिक्षक और विद्यार्थी**

**अनूपपुर, नवभारत 31 मार्च।** जन शिक्षा केंद्र अनूपपुर अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय कन्या बस्ती अनूपपुर के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने आगामी 1 अप्रैल को आयोजित होने वाले प्रवेश उत्सव के लिए एक प्रेरणादायक और नवाचारी पहल की। विद्यालय परिवार ने अपने वार्ड में भव्य जुलूस निकालकर घर-घर जाकर अभिभावकों को पीला अक्षत भेंट कर आमंत्रित किया।

जुलूस के दौरान बेटी पढ़ेगी, इतिहास गढ़ेगी, आधा रोटी खाएंगे, बच्चों को पढ़ाएंगे, सब पढ़ेंगे, सब बढ़ेंगे और शिक्षा का अधिकार सबको है जैसे जागरूकता से भरे नारों से पूरा क्षेत्र



गुंजायमान हो उठा। इस पहल ने न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि समाज को सकारात्मक संदेश भी दिया। वार्ड के निवासियों ने जुलूस का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### अभिभावकों ने की सराहना

पीले अक्षत देकर आमंत्रित किए जाने पर अभिभावकों ने इस अनूठे प्रयास की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर जन शिक्षा केंद्र अनूपपुर के जनशिक्षक रामकुमार राठौर, संस्था प्रधान अजय कुमार प्रसाद, शिक्षिका सविता प्रजापति, एस. स्वाती राव, अतिथि अध्यापक श्रीमती विद्या राठौर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं स्व सहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रमेश प्रजापति और सपंत पटेल ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

## रेत का अवैध परिवहन करते मेटाडोर जब्त

**अनूपपुर, नवभारत 31 मार्च।** जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी देवहरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रेत से भरे एक मेटाडोर वाहन को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार 31 मार्च को रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम ग्राम बोडडिहा में गुड्डा गुप्ता की दुकान के सामने पहुंची, जहां मेटाडोर क्रमांक सीजी 15 एसी 5688 संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। वाहन को रोककर जांच करने पर उसमें लगभग 3 घन मीटर अवैध रेत लोड पाई गई। वाहन चालक संतोष कोल बिना वैध परिवहन अनुमति के सुथना नाला बोडडिहा से धिरोल की ओर रेत ले जा रहा था। आरोपी के विरुद्ध खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# होटल व मिष्ठान्न भंडार से 7 सिलेंडर जब्त

**घरेलू गैस का किया जा रहा था व्यावसायिक उपयोग**

**अनूपपुर, नवभारत ।** जिले में घरेलू रसोई गैस के अवैध व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर 7 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए।

जानकारी के अनुसार टीम द्वारा अनूपपुर, फुनगा एवं पयारी क्षेत्र के होटल एवं मिष्ठान भंडारों की जांच की गई। इस दौरान कई प्रतिष्ठानों में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में किया जाना पाया गया। कार्रवाई के दौरान काव्या होटल



अनूपपुर से 1 एचपी गैस सिलेंडर, अंकित मिष्ठान भंडार फुनगा से 1 एचपी एवं 1 इंडेन गैस सिलेंडर, श्याम चाट भंडार फुनगा से 1 एचपी सिलेंडर, समीर टी स्टॉल फुनगा से 1 एचपी सिलेंडर, के.एल. पटेल भोजनालय फुनगा से 1 एचपी सिलेंडर तथा नम्रता चाट सेंटर पयारी से 1 इंडेन गैस सिलेंडर जब्त किया गया।

### आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज

प्रशासन द्वारा संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को केवल कमर्शियल गैस सिलेंडर के उपयोग के निर्देश दिए हैं तथा चेतावनी दी है कि घरेलू गैस के दुरुपयोग पर भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## अनूपपुर में चना और मसूर की सरकारी खरीदी शुरू


**अनूपपुर, नवभारत 31 मार्च।** जिले में किसानों को राहत देते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर की खरीदी का कार्य 30 मार्च से प्रारंभ हो गया है, जो 28 मई तक जारी रहेगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में चना एवं मसूर उपार्जन नीति 2026-27 के तहत पंजीकृत किसानों से उपार्जन सुनिश्चित करने के लिए जिले में दो उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें तहसील पुष्पराजगढ़ के अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित राजेन्द्रग्राम के तहत कृषि उपज मंडी राजेन्द्रग्राम तथा तहसील अनूपपुर के अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पटनाकला के तहत कृषि उपज मंडी अनूपपुर को उपार्जन केंद्र बनाया गया है। प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित अवधि में पंजीयन के अनुसार अपने चना एवं मसूर की उपज इन केंद्रों पर विक्रय करें।

### एक नजर में



## सेवानिवृत्ति पर मृगेंद्र सिंह को किया गया सम्मानित

**जमुना कोतमा नवभारत।** भालूमाडा एसईसीएल कालरी के वीआईपी गेस्ट हाउस के इंचार्ज मृगेंद्र सिंह के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर भालूमाडा स्थित काली मंदिर प्रांगण में धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ का वृहद आयोजन हुआ, जिसमें उनके इष्ट मित्रों, सहयोगियों और परिवारजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। धार्मिक माहौल में श्रद्धालु भक्ति भाव से सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए और भगवान से मृगेंद्र सिंह के सुखद, स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुंदरकांड पाठ के पश्चात मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मित्रों, शुभचिंतकों और सहकर्मियों ने मृगेंद्र सिंह को सेवानिवृत्ति पर बिदाई दी तथा उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुखविंदर सिंह, गुलाब रजक, संतोष चौरसिया, अजय द्विवेदी, मोनू जायसवाल, लाल बहादुर जायसवाल, मंजू मिश्रा आदि शामिल रहे।



## दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ

**अनूपपुर, नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक सशक्तिकरण एवं कार्यकर्ता विकास के उद्देश्य से चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत अमरकंटक मंडल में प्रथम दिवस का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह अभियान दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों से प्रेरित होकर कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना, कार्यपद्धति एवं जनसेवा के मूल सिद्धांतों से अवगत कराना रहा। इस दौरान एकात्म मानववाद और अंत्योदय की भावना पर विशेष जोर देते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता उमेश पाठक, अजय शुक्ला, जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी श्याम नारायण शुक्ला, राजेंद्र चतुर्वेदी, अमरकंटक मंडल अध्यक्ष रोशन पनारिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोतमा में पत्रकार परिषद का चुनाव 4 को




**अनूपपुर, नवभारत।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ब्लॉक कोतमा द्वारा संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से ब्लॉक अध्यक्ष पद के निर्वाचन की घोषणा कर दी गई है। परिषद की ओर से जारी सूचना के अनुसार यह महत्वपूर्ण चुनाव 4 अप्रैल शनिवार को आयोजित किया जाएगा, जिसे लेकर पत्रकारों में उत्साह का माहौल है। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। दिवाकर विश्वकर्मा को निर्वाचन अधिकारी तथा आशीष द्विवेदी को सहायक निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया का पालन करते हुए चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान प्रक्रिया दोपहर 12 बजे से वाचनालय स्टेशन के पास कोतमा में शुरू होगी।

# कोतमा रेलवे स्टेशन और कॉलोनी की बदली सूरत

**डीआरएम राकेश रंजन के दौरे का असर, आम जनता ने जताया आभार**

**कोतमा नवभारत 31 मार्च।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के डीआरएम राकेश रंजन के दो माह पूर्व हुए औचक निरीक्षण के सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर दिखने लगे हैं। उनके दौरे के बाद से कोतमा रेलवे स्टेशन और रेलवे कॉलोनी की व्यवस्थाओं में युद्ध स्तर पर सुधार कार्य जारी है, जिससे यात्रियों और स्थानीय निवासियों में हर्ष का माहौल है।

रेल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए प्लेटफॉर्म और ओवरब्रिज पर प्रकाश की अत्याधुनिक व्यवस्था की गई है, जिससे रात के समय यात्रियों को काफी सहूलियत हो रही है। लंबे समय से उपेक्षित और गंदगी से भरी नालियों की सफाई का



काम न केवल शुरू हुआ है, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखने के लिए चैंबरों का निर्माण भी किया जा रहा है।

## प्लेटफॉर्म 1 का किया जा रहा सौंदर्यीकरण

अनूपपुर छोर की ओर प्लेटफॉर्म नंबर एक पर फर्शीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जल निकासी को सुव्यवस्थित करने के लिए 500 मीटर नई नाली का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। सबसे महत्वपूर्ण कार्य प्लेटफॉर्म नंबर 1, 2 और 3 की लंबाई बढ़ाने हेतु पाथ-वे का निर्माण है, जिससे ट्रेनों के ठहराव के दौरान यात्रियों को कोच तक पहुंचने में बड़ी राहत मिली है।

## ट्रेनों के ठहराव से व्यापार जगत में उत्साह

अंबिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस का कोतमा में स्टॉपेज सुनिश्चित होने से क्षेत्र की जनता को दिल्ली तक की सीधी कनेक्टिविटी मिली है। इससे न केवल आम यात्रियों को राहत मिली है, बल्कि स्थानीय व्यापारियों के लिए भी नए अवसर खुले हैं। नगर के व्यापारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों ने डीआरएम बिलासपुर राकेश रंजन की इस त्वरित कार्यप्रणाली और जनहित में लिए गए निर्णयों की सराहना की है।

### रेलवे कॉलोनी की सड़कें बनने लगी

स्टेशन के साथ-साथ रेलवे कॉलोनी के निवासियों के लिए भी अच्छे दिन आए हैं। कॉलोनी की जर्जर और गड्ढों में तब्दील हो चुकी सड़कों का पुनर्निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा, स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए कॉलोनी के उस हिस्से को जालियों से घेर दिया गया है, जहां पहले कचरा फेंका जाता था। बताया जा रहा है कि भविष्य में इस स्थान को बच्चों के खेलने के लिए एक आधुनिक पार्क के रूप में विकसित करने की योजना है।




## 2414 बालिकाओं को लगा एचपीवी टीका

**अनूपपुर, नवभारत 31 मार्च।** बेटी स्वस्थ, तो परिवार स्वस्थ के संदेश के साथ जिले में राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान निरंतर जारी है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से यह अभियान गांव-गांव और शहर-शहर संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में भी टीकाकरण कार्यक्रम सक्रिय रूप से चल रहा है। अब तक कुल 2414 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है।

### बेटियों का टीकाकरण अवश्य कराएं : कलेक्टर

विशेषज्ञों के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इसी गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। कलेक्टर ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों का टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय उसकी रोकथाम है। एचपीवी वैक्सीन बेटियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की मजबूत आधारशिला है।



## कॉम्बिंग गश्त में 3 वारंट तामील आरोपियों को न्यायालय में किया पेश


**अनूपपुर, नवभारत।** चौकी सरई पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान प्रभावी कार्रवाई करते हुए 2 वसूली वारंट एवं विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत 1 गिरफ्तारी वारंट तामील किया। पुलिस टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की तलाश कर उन्हें उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में आशोक सिंह मरावी, रोविन्द्र कोल निवासी तुलरा एवं मोहन सिंह मरावी निवासी खमरौध चौकी सरई शामिल हैं। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### पुलिस ने फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोतिउर रहमान के निर्देशन में चौकी देवहरा पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जानकारी के अनुसार न्यायालय अनूपपुर द्वारा जारी स्थाई वारंट के तहत आरोपी हरि पाल कोल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी लंबे समय से फरार था और पुलिस को लगातार चकमा दे रहा था। चौकी देवहरा पुलिस टीम ने सूझबूझ एवं रणनीति के तहत 31 मार्च को ग्राम सगमा टोला में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया।

महाकुंभ | इप्टा का राज्य सम्मेलन व नाट्य महोत्सव में देश के रंगकर्मी, कलाकार और साहित्यकार भाग लेंगे

# अनूपपुर में 3 से 5 अप्रैल तक सजेगा रंगकर्मियों का महाकुंभ




**अनूपपुर, नवभारत।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) मध्य प्रदेश का 10वां राज्य सम्मेलन एवं नाट्य महोत्सव आगामी 3, 4 और 5 अप्रैल को अनूपपुर में आयोजित किया जाएगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रदेश सहित देश के रंगकर्मी, कलाकार और साहित्यकार भाग लेंगे।

आयोजन समिति के अनुसार महोत्सव में इप्टा के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश वेद लखनऊ, राष्ट्रीय महासचिव तनवीर अख्तर (पटना), फिल्म अभिनेता राजेंद्र गुप्ता मुंबई, रंगकर्मी एवं विचारक शैलेंद्र रांची, खगोलशास्त्री अमिताभ पांडे दिल्ली, प्रगतिशील लेखक संघ के राष्ट्रीय सचिव विनीत तिवारी, चित्रकार पंकज दीक्षित और मुकेश बिजौलै सहित कई प्रमुख हस्तियां अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

## सभी रंगकर्मियों से शामिल होने की अपील

आयोजन समिति की अध्यक्ष अल्लविका पटेल और महासचिव लक्ष्मी खेड़िया ने प्रदेश के सभी रंगकर्मियों से अपील की है कि वे इस नाट्य महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। उन्होंने बताया कि बाहर से आने वाले प्रतिनिधियों के लिए भोजन एवं आवास की व्यवस्था समिति द्वारा की गई है।

### एकल नाटक पटकथा का होगा मंचन

महोत्सव का उद्घाटन 3 अप्रैल को शाम 4 बजे बेथेल मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल, अनूपपुर में होगा। उद्घाटन के बाद शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें जनगीतों के साथ समानांतर इलाहाबाद द्वारा एकल नाटक असमंजस बाबू का मंचन किया जाएगा। 4 अप्रैल को शाम में प्रसिद्ध कवि धूमिल की कविताओं पर आधारित एकल नाटक पटकथा का मंचन अभिनेता राजेंद्र गुप्ता द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्देशन आरएस विकल करेंगे।

### नाटक दास्ताने-ए-अशफाक प्रस्तुत होगा

इसी दिन रात्रि में असगर मेहंदी लिखित नाटक दास्ताने-ए-अशफाक प्रस्तुत होगा, जिसमें शहजाद रिजवी और फरजाना मेहंदी अभिनय करेंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 5 अप्रैल को शाम 7 बजे लेखक अशोक बटलर के नाटक 72 मील का मंचन किया जाएगा। इस नाटक का रूपांतरण राकेश वेद ने किया है और निर्देशन अनिल रंजन भौमिक का रहेगा, जिसे विवेचना इप्टा जबलपुर द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।